आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 01.06.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन, सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा।
- किसानों को आधुनिक खेती और संतुलित उर्वरक के उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में ''खेत बचाओ अभियान'' का शुभारंभ किया।
- आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह। एक महीने में 27 हजार 911 इनर लाइन परमिट जारी।
- चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी, पर्यटकों के लिए खुली।

..........

**एक्सट्रीम अल्ट्रा रन**

चमोली जिले की नीति घाटी में गत 31 मई से 2 जून तक आयोजित हो रहे 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' के अंतर्गत विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को आज सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज वर्चुअल माध्यम से समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत यह आयोजन सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कि वाइब्रेंट विलेज योजना के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होने के साथ रिवर्स माइग्रेशन को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 हजार फीट की ऊंचाई पर आयोजित यह अल्ट्रा रन युवाओं के अदम्य साहस, ऊर्जा और आत्मविश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। इस दौरान श्री धामी ने क्षेत्र में पर्यटन विकास को नई गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। गौरतलब है कि पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय सेना और आईटीबीपी के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में देश के 27 राज्यों से आए 1200 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसका उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाना और युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

**नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग तथा वन विभाग के अंतर्गत चयनित 276 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और भ्रष्टाचारमुक्त बनाया है, जिससे योग्य और

प्रतिभाशाली युवाओं को उनका अधिकार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में लगभग 33 हजार युवाओं को पूरी पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर सरकारी सेवाओं से जोड़ने का कार्य किया गया है।

**खेती बचाओ अभियान**

किसानों को आधुनिक खेती और संतुलित उर्वरक के उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज से प्रदेश में ''खेत बचाओ अभियान'' की शुरुआत की गई है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून जिले में सहसपुर के ढाकी गांव से एक महीने तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया और आत्मा योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट किसानों को 25 हजार की धनराशि के चैक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कृषि मंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान गांव–गांव जाकर किसानों को संतुलित खाद उपयोग और वैज्ञानिक खेती की जानकारी देंगे।

कृषि मंत्री ने किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक के उपयोग, जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और मिट्टी संरक्षण के प्रति जागरूक होने का आह्वान भी किया।

**प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना**

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि ने बिना गारंटी के ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर खोलकर लाखों रेहड़ी–पटरी वालों के जीवन स्तर में सुधार किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह योजना विश्वास, सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित है।

**आदि कैलाश यात्रा**

पिथौरागढ़ जिले में आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं और पर्यटकों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। पहली मई से शुरू हुई यात्रा के मात्र एक महीने में जारी इनर लाइन परमिटों की संख्या 27 हजार 911 पहुंच गई है, जो यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था और आकर्षण को दर्शाता है। यह यात्रा क्षेत्रीय पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को नई गति प्रदान कर रही है, जिससे सीमांत क्षेत्र के विकास को भी बल मिल रहा है। वहीं, जिला प्रशासन ने यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों से आवश्यक दस्तावेजों को अपने पास रखने, मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए अपनी यात्रा संपन्न करने की अपील की है।

## फूलों की घाटी

चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी को आज से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। इस अवसर पर पर्यटकों में भारी उत्साह देखने को मिला। वहीं, वन विभाग ने पर्यटकों से घाटी की जैव विविधता और दुर्लभ वनस्पतियों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है। अधिकारियों ने पर्यटकों से कहा है कि वे फूलों को तोड़ने, कूड़ा फैलाने या पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों से बचें। फूलों की घाटी विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्र में स्थित है। ऐसे में मौसम विभाग के अलर्ट, स्थानीय मौसम की स्थिति और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए जा रहे हैं, ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित और सुखद बनी रहे। वहीं, वन विभाग के अनुसार वर्तमान में फूलों की घाटी में 300 से अधिक प्रजातियों के पुष्प और दुर्लभ वनस्पतियां मौजूद हैं।

## मशरूम प्रशिक्षण

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से बागेश्वर में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शुरू किया किया गया है। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 25 युवाओं और महिलाओं को बटन मशरूम, मिल्की मशरूम और ऑयस्टर मशरूम के उत्पादन की तकनीक सिखाई जा रही है।

मास्टर ट्रेनर ममता मेहरा ने बताया कि मशरूम उत्पादन कम जगह, कम लागत और सीमित संसाधनों में शुरू किया जा सकता है।

प्रशिक्षणार्थी नंदन सिंह ने बताया कि मशरूम उत्पादन जैसे स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए विकल्प तैयार कर सकते हैं।

## जनता मिलन कार्यक्रम

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 17 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराते हुए शेष प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनता मिलन, सीएम हेल्पलाइन और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।